3. (3) राज्य सरकार द्वारा परिपत्र कमांक एफ 6-53-2011-सात-नजूल, दिनांक 8 अगस्त 2011 को अतिष्ठित् करते हुए अब यह निर्णय लिया गया है कि मध्यप्रदेश राज्य औद्यौगिक भूमि एवं औद्योगिक भवन प्रबंधन नियम, 2008 के अंतर्गत औद्योगिक विकास केन्द्रों के भीतर तथा बाहर वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग द्वारा और सूचना

प्रौद्योगिकी पार्क (आई.टी.पार्क) में स्थित शासकीय भूमि को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 7-8-2012-छप्पन, दिनांक 23 मार्च, 2013 में विहित भूमि आवंटन की प्रक्रिया का पालन करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आवश्यक भूमि यथास्थिति वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग को तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को संबंधित विभाग द्वारा मांग किए जाने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड चार क्रमांक 1 की कंडिका 36 का पालन करते हुए हस्तांतरित की जाएगी.

3. (4) इस प्रकार मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक भूमि एवं औद्योगिक भवन प्रबंधन नियम, 2008 के अंतर्गत औद्योगिक विकास केन्द्रों के भीतर तथा बाहर वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग द्वारा और सूचना प्रौद्योगिकी पार्क (आई.टी.पार्क) में स्थित शासकीय भूमि को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 7-8-2012 छप्पन, दिनांक 23 मार्च, 2013 के अंतर्गत सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा निवेशकों को भूमि आवंटन के मामलों को छोड़कर राज्य की विभिन्न नीतियों के अंतर्गत दी जाने वाली सुविधाओं के अनुक्रम में भूमि आवंटन के लिए इस परिपत्र के द्वारा प्रक्रिया विहित की जाती है.

4. (1) राज्य के नगरीय तथा नगरेत्तर क्षेत्रों में स्थित ऐसी समस्त दखलरहित भूमि जो किसी ग्राम में की आबादी या सेवाभूमि नहीं है या किसी भूमिस्वामी अथवा कृषक या सरकारी पट्टेदार द्वारा धारित भूमि से भिन्न है और कृषिभिन्न प्रयोजन के लिए आवंटन योग्य भूमि है, के विस्तृत विवरण, आयुक्त, भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त, मध्यप्रदेश द्वारा उनके कार्यालय की वेबसाइट में प्रकाशित किये जाएंगे. इन विवरणों में भूमि की नोईयत, विकास योजना (मास्टर प्लान) में उल्लेखित भूमि उपयोग यदि कोई निर्धारित है, और यदि एक से अधिक प्रयोजन के लिए भूमि का उपयोग किया जा सकता है तो सभी अनुज्ञेय उपयोग का उल्लेख भी किया जाएगा.

4. (2) इस प्रकार निवेशकों द्वारा शासकीय भूमि की उपलब्धता की जानकारी सुगमता से प्राप्त की जा सकेगी. वेबसाइट पर उपलब्ध उक्त जानकारी को इस परिपत्र के प्रयोजन के लिए ''लैण्ड बैंक'' कहा जाएगा. लैण्ड बैंक में केवल आवंटन योग्य दखल रहित सरकारी भूमियां प्रदर्शित की जाएगी. लैण्ड बैंक में जिन भूमियों का आवंटन नहीं किया जा सकता, उन्हें शामिल नहीं किया जाएगा.

4. (3) आयुक्त, भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त प्रत्येत तीन माह के अन्तराल पर वेबसाइट पर प्रकाशित जानकारी को अद्यतन करते हुए प्रकाशित कराना सुनिश्चित करेंगे. लैण्ड बैंक में प्रकाशित भूमियों में से यदि किसी भूमि के आवंटन का निर्णय लिया जाता है तो आयुक्त, भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त आवंटन आदेश की प्रति प्राप्त होने के एक माह के भीतर वेबसाइट पर प्रकाशित लैण्ड बैंक में प्रविष्टि अंकित कराएंगे.

स्पष्टीकरण—आवंटन योग्य भूमि से तात्पर्य है ऐसी भूमि जो किसी सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आरक्षित नहीं है तथा अतिक्रमणग्रस्त नहीं है. आवंटन योग्य की श्रेणी में ऐसी भूमियां भी नहीं रखी जाएंगी जिन्हें कलेक्टर द्वारा भविष्य में संभावित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए उपयोगी मानते हुए पृथक चिन्हांकित किया है.

5. राज्य सरकार द्वारा किसी तत्समय प्रभावशील विभागीय नीति के अंतर्गत दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ प्राप्त करते हुए जो निवेशक भूमि का आवंटन चाहता है, वह परियोजना का विस्तृत विवरण (Detailed Project Report—डी.पी.आर.), पूंजी निवेश के प्रस्ताव के साथ विभागीय नीति में घोषित सुविधाओं का उल्लेख करते हुए संबंधित विभाग को भूमि आवंटन के लिए आवेदन करेगा.

6. आवेदन प्राप्त होने पर संबंधित विभाग निवेशक के आवेदन और परियोजना विवरण का विधिवत् परीक्षण करेगा. संबंधित विभाग यदि प्रस्तावित परियोजना को विभागीय नीति के अंतर्गत उपयुक्त पाता है तो परियोजना के लिए आवेदित भूमि के संदर्भ में अपनी विभागीय नीति के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक न्यूनतम भूमि का अथवा तत्समय

लागू तत्स्थानी विकास योजना (मास्टर प्लान) एवं मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के अंतर्गत अनुमत भूमि उपयोग (land use)—तथा फर्श क्षेत्र अनुपात (Floor Area Ratio—एफ.ए.आर.) के पूर्ण उपयोग के आधार पर संभावित ऊर्ध्वाकार (vertically) निर्माण को ध्यान में रखते हुए आवश्यक न्यूनतम भूमि का आंकलन करेगा.

7. संबंधित विभाग परीक्षण उपरान्त निवेशक के आवेदन को भूमि आवंटन के लिए उपयुक्तता प्रमाणीकृत करते हुए विभागीय नीति के अंतर्गत भूमि आवंटन के मामले में दी जाने वाली सुविधाओं (जिसमें प्रब्याजि एवं भू-भाटक की देयता में रियायत आदि का स्पष्ट उल्लेख होगा) माह के अंतिम कार्य दिवस तक प्राप्त करेगा और आगामी माह के प्रथम सप्ताह के भीतर प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण करेगा. माह के द्वितीय सप्ताह के सोमवार और यदि सोमवार अवकाश दिवस है तो आगामी कार्य दिवस को संबंधित कलेक्टर को अग्रेषित करेगा.

8. कलेक्टर सभी विभागों से उपरोक्तानुसार प्राप्त आवेदनों का परीक्षण करेगा जिनमें प्रमुखत: निम्न बिन्दु शामिल होंगे—

(1) आवेदित भूमि संबंधी अधिकार अभिलेख जिसमें नोइयत का उल्लेख भी होगा एवं मानचित्र,

(2) आवेदित भूमि की उपलब्धता,

(3) यदि भूमि विकास योजना क्षेत्र में स्थित है तो विकास योजना में नियत भूमि उपयोग. यदि भूमि विकास योजना क्षेत्र के बाहर स्थित है तो आवेदित भूमि उपयोग के लिए उप संचालक, ग्राम तथा नगर निवेश के प्रतिवेदन अनुसार भूमि उपयोग की उपयुक्तता,

(4) लैण्ड बैंक में अंकित प्रविष्टि के अनुसार आवेदित भूमि कृषि भिन्न प्रयोजन हेतु (जिस हेतु आवंटन चाहा गया है) आवंटन योग्य है अथवा नहीं,

(5) मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धान्तों का बनाया जाना तथा उनका पुनरीक्षण नियम, 2000 के अंतर्गत कलेक्टर द्वारा जारी की गई गाइड लाइन के अनुसार आवेदित भूमि का वर्तमान बाजार मूल्य,

(6) संबंधित विभाग द्वारा अग्रेषित आवेदन के अनुसार विभागीय नीति के अनुसार देय प्रब्याजि एवं वार्षिक भू-भाटक,

(7) स्थानीय निकाय—नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायत/ग्राम पंचायत से परामर्श,

(8) अन्य विभागों के जिला अधिकारियों से यथा आवश्यक परामर्श,

(9) भूमि की मौके पर उपलब्धता संबंधी विस्तृत जांच जिसमें अतिक्रमण आदि का भी उल्लेख होगा,

(10) अन्य कोई आनुषंगिक विषय.

9. कलेक्टर उपरोक्तानुसार प्रकरण का परीक्षण करके अपना मतांकन अंकित कर स्पष्ट प्रतिवेदन तैयार करेगा. परीक्षण उपरान्त कलेक्टर यदि पाता है कि निवेशक को भूमि आवंटित करने पर विचार किया जा सकता है तो इस आशय की सार्वजनिक सूचना जारी कर न्यूनतम 15 दिवस की अवधि देते हुए आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे.

10. कलेक्टर द्वारा सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन कलेक्टर कार्यालय, तहसील कार्यालय, स्थानीय निकाय—नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत के कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर किया जाएगा तथा प्रदेश स्तर के दो समाचार पत्रों में जिनमें से कम से कम एक हिन्दी का होगा, में भी प्रकाशित की जाएगी. इसके अतिरिक्त सार्वजनिक सूचना कलेक्टर कार्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाएगी.

11. (1) कलेक्टर प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में नियत अवधि में प्राप्त आपत्ति या सुझाव (यदि प्राप्त हुए हैं) की समुचित जांच कर निराकरण करेगा और परीक्षण उपरान्त यदि प्राप्त आपत्ति/सुझाव को अमान्य करता है तो भूमि आवंटन की आगामी कार्यवाही के लिए अग्रसर होगा.

11. (2) एक ही भूमि या उसके अंशभाग के आवंटन हेतु यदि एक से अधिक विभागों की ओर से आवेदन अग्रेषित होकर कलेक्टर को प्राप्त होते हैं तो उनके संबंध में आपत्ति/सुझाव के निराकरण के पश्चात् कलेक्टर उनमें से किसी एक के चयन के लिए निम्न बिन्दुओं का परीक्षण करेगा:—

(क) सभी प्राप्त आवेदनों में आकार में सबसे कम भूमि किस आवेदक के द्वारा चाही गयी है;

(ख) आवेदकों द्वारा किए जा रहे निवेश का आकार क्या है;

(ग) आवेदक की प्रस्तावित निवेश परियोजनाओं में कितने व्यक्तियों को नियमित रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा.

उक्त तीन बिन्दुओं का तुलनात्मक पत्रक तैयार कर कलेक्टर अपने अभिमत के साथ आवंटन के लिए प्राधिकृत सक्षम प्राधिकारी के समक्ष कंडिका 14 में विहित प्रावधान अनुसार प्रकरण संप्रेषित करेगा. जिस पर अंतिम निर्णय आवंटन के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा लिया जाएगा.

12. (1) उपरोक्त प्रक्रिया पूर्ण होने पर इस प्रकार भूमि का क्षेत्रफल एवं तत्समय बाजार मूल्य आंकलित किए जाने के पश्चात् आवंटन की स्वीकृति पर विचार किया जाएगा. भूमि आवंटन की स्वीकृति की अधिकारिता नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (3) में उल्लेखित प्राधिकृत अधिकारी को होगी:—

क्र. (1)	प्रश्नाधीन भूमि का क्षेत्रफल एवं तत्समय बाजार मूल्य (2)	आवंटन स्वीकृति के लिए प्राधिकृत अधिकारी (3)
1	नगरीय क्षेत्रों में अधिकतम 4,000 वर्ग मीटर भूमि या नगरेत्तर क्षेत्रों में अधिकतम पांच हेक्टेयर भूमि जिसका अधिकतम बाजार मूल्य रुपये एक करोड़ है.	कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति
2	जिला स्तरीय समिति की अधिकारिता से अधिक के मामलों में नगरीय क्षेत्रों में अधिकतम एक हेक्टेयर भूमि या नगरेत्तर क्षेत्रों में अधिकतम दस हेक्टेयर भूमि जिसका अधिकतम मूल्य रुपये पांच करोड़ है.	संभागायुक्त की अध्यक्षता में गठित संभाग स्तरीय समिति
3	संभाग स्तरीय समिति के क्षेत्राधिकार से अधिक के मामलें में.	राज्य शासन-निवेश संवर्धन पर मंत्रि-परिषद् समिति.

12. (2) कलेक्टर के द्वारा कंडिका 9 के अनुसार प्रतिवेदन तैयार किये जाने के उपरांत प्राप्त आपत्ति/सुझावों का कंडिका 11 के अनुसार निराकरण किए जाने के पश्चात् आवंटन के लिए प्रकरण यथास्थिति कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति या संभागायुक्त की अध्यक्षता में गठित संभाग स्तरीय समिति को प्राप्त होने पर समिति द्वारा प्रकरण प्राप्त होने की दिनांक से पन्द्रह दिवस के भीतर निराकरण किया जाएगा.

13. जिला स्तरीय समिति और संभाग स्तरीय समिति निम्नानुसार होगी:—

(1) जिला स्तरीय समिति—

1.	कलेक्टर	अध्यक्ष
2.	उपसंचालक, नगर तथा ग्राम निवेश	सदस्य
3.	जिला पंजीयक, मुद्रांक एवं पंजीयन	सदस्य
4.	कार्यपालन अधिकारी (जिला पंचायत अथवा संबंधित नगरीय निकाय जहां भूमि स्थित है)	सदस्य
5.	महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र	सदस्य
6.	डिप्टी कलेक्टर (नजूल)	सदस्य-सचिव.

(2) संभाग स्तरीय समिति—

1.	संभागायुक्त	अध्यक्ष
2.	नगर तथा ग्राम निवेश का संभाग स्तरीय अधिकारी/प्रभ	सदस्य
3.	संयुक्त पंजीयक मुद्रांक एवं पंजीयन	सदस्य
4.	कार्यपालन अधिकारी (स्थानीय निकाय) (प्रश्नाधीन भूमि जिसके क्षेत्र में स्थित है)	सदस्य
5.	संयुक्त संचालक, उद्योग	सदस्य
6.	उपायुक्त (राजस्व)	सदस्य-सचिव.

14. उपरोक्तानुसार परीक्षण उपरान्त यदि प्रकरण जिला स्तरीय समिति की अधिकारिता के अंतर्गत आता है तो जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जिस पर जिला स्तरीय समिति भूमि आवंटन का निर्णय ले सकेगी. यदि जिला स्तरीय समिति की अधिकारिता से बाहर का प्रकरण है तो ऐसा प्रकरण कलेक्टर अपनी अनुशंसा के साथ संभाग स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु संभागायुक्त को अथवा ''निवेश संवर्धन पर मंत्रि-परिषद् समिति'' के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु राजस्व विभाग को शासन स्तर पर अग्रेषित करेगा, जिस पर यथास्थिति संभाग स्तरीय समिति अथवा ''निवेश संवर्धन पर मंत्रि-परिषद् समिति,'' द्वारा निर्णय लिया जाएगा.

15. जिला स्तरीय समिति द्वारा निर्णय लिये जाने पर आवंटन की स्वीकृति या अस्वीकृति का आदेश कलेक्टर जारी करेगा. इसी प्रकार संभाग स्तरीय समिति द्वारा निर्णय लिये जाने पर आवंटन की स्वीकृति या अस्वीकृति का आदेश संभागायुक्त जारी करेगा और ''निवेश संवर्धन पर मंत्रि-परिषद् समिति'' द्वारा निर्णय लिए जाने पर राजस्व विभाग आवंटन की स्वीकृति या अस्वीकृति का शासनादेश जारी करेगा.

16. (1) यथास्थिति भूमि आवंटन की स्वीकृति आदेश के अनुपालन में कलेक्टर आवंटिती के पक्ष में अन्य सामान्य शर्तों के साथ-साथ, निम्न शर्तों को जोड़ते हुए तथा संबंधित विभागीय नीति में उल्लेखित शर्तों को अधिरोपित करते हुए स्थायी लीज (पट्टा) निष्पादित करेगा:—

(क) परियोजना, जिसके लिए भूमि आवंटित की गई है, की स्थापना का कार्य आवंटन उपरांत भूमि का आधिपत्य सौंपे जाने की दिनांक से एक वर्ष के भीतर प्रारंभ किया जाएगा तथा तीन वर्ष के भीतर पूर्ण कर परियोजना प्रारंभ की जाएगी.

(ख) आवंटिती द्वारा आवंटित भूमि या उसके किसी भाग को विक्रय, दान, उप पट्टा या अन्यथा अंतरित नहीं किया जाएगा.

(ग) आवंटिती अथवा उसकी सहमति से किसी अन्य द्वारा आवंटित भूमि या उसका कोई भाग राज्य सरकार की पूर्वानुमति के बिना बंधक नहीं रखी जाएगी.

उपरोक्त शर्तों का अपालन/उल्लंघन पाए जाने पर आवंटन स्वत: निरस्त समझा जाएगा.

16. (2) ऐसा स्थायी पट्टा प्रथम बार में 30 वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी होगा, जो पट्टावधि के अवसान के एक वर्ष पूर्व आवेदन करने पर नवकरणीय होगा. नवीनीकरण के समय तक यदि पट्टे की शर्तों का पालन पाया जाता है तो कलेक्टर तत्समय प्रवृत्त प्रक्रिया का पालन करते हुए तथा वार्षिक भू-भाटक में तत्समय प्रवृत्त प्रावधानानुसार अभिवृद्धि करते हुए पट्टे का नवीनीकरण कर सकेगा.

17. संबंधित विभाग द्वारा अग्रेषित आवेदन पर यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा भूमि आवंटन का निर्णय लिया जाता है तो कलेक्टर स्वीकृति आदेश की एक प्रति के साथ निष्पादित पट्टे की प्रति संबंधित विभाग को प्रेषित करेगा. भूमि आवंटन में दी जाने वाली सुविधाओं/रियायतों के संदर्भ में अधिरोपित शर्तों तथा विभागीय नीति का आवंटिती से पालन कराना सुनिश्चित् करने का दायित्व उस सीमा तक, जो संबंधित विभाग द्वारा नीति का उल्लेख करते हुए प्रस्तावित की गयी हों, संबंधित विभाग का होगा.

18. यथास्थिति कलेक्टर/संभागायुक्त/राज्य शासन द्वारा आवंटन की स्वीकृति जारी करने की दिनांक से दो माह की अवधि के भीतर या आगामी 31 मार्च के पूर्व (इनमें से जो पहले हो) आवंटिती द्वारा आवंटन स्वीकृति आदेश के पालन में देय प्रब्याजि एवं वार्षिक भू-भाटक की राशि जमा करना अनिवार्य होगी. इस प्रकार नियत समयावधि के भीतर राशि जमा नहीं करने की दशा में आवंटन की स्वीकृति का आदेश स्वत: समाप्त समझा जाएगा:

परन्तु 31 जनवरी के पश्चात् जारी किए गये आवंटन आदेश के संदर्भ में यदि दो माह की अवधि की अवसान की तिथि 31 मार्च के पश्चात् आती है तो उक्त आवंटन आदेश उस दशा में स्वत: समाप्त नहीं होगा, यदि आवंटिती आगामी वित्तीय वर्ष के लिए प्रभावी प्रश्नाधीन भूमि के बाजार मूल्य के आधार पर संगणित प्रब्याजि एवं उस पर देय वार्षिक भू-भाटक ऐसी दो माह की अवधि के अवसान के पूर्व जमा करता है:

परन्तु यह भी कि आवंटिती द्वारा यथास्थिति 31 मार्च के पूर्व अथवा आवंटन स्वीकृति की दिनांक से दो माह की अवधि के अवसान के पूर्व देय राशि जमा कराने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की जाती है तो युक्तियुक्त आधारों पर अधिकतम एक माह की अतिरिक्त समयावधि यथास्थिति कलेक्टर, संभागायुक्त या राज्य शासन द्वारा स्वीकृत की जा सकेगी. इस प्रकार राशि की अदायगी की तिथि के आधार पर संगणित प्रब्याजि एवं वार्षिक भू-भाटक और ऐसी देय राशि पर अतिरिक्त स्वीकृत समयावधि के लिए 15 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर से ब्याज देय होगा.

19. इस परिपत्र के अनुक्रम में यदि भूमि किसी एक प्रयोजन के लिए आवंटित की जाती है और भविष्य में शासन की पूर्वानुमति से किसी अन्य प्रयोजन में उपयोग की जाती है तो ऐसे मामले में तत्समय देय प्रीमियम की संगणना कर, यदि संगणित प्रीमियम की राशि पूर्व में भुगतान किए गये प्रीमियम की राशि से अधिक है तो अंतर की राशि देय होगी, और यदि कम है तो वापिस नहीं की जाएगी. तद्नुसार वार्षिक भू-भाटक का पुनर्निधारण किया जाएगा जो पट्टे की आगामी अवधि के लिए देय होगा.

20. यह परिपत्र राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड चार क्रमांक—1 का अनुलग्न भाग होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव.

श्रम विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 7 मई 2013

क्र. एफ 9-1-2009-ब-सोलह.—कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, (1948, 34 सन् 1948) की धारा 87 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य शासन, मेसर्स जे. पी. रीवा प्लांट यूनिट ऑफ जयप्रकाश एस. लिमि. जे. पी. नगर, रीवा मध्यप्रदेश को उक्त अधिनियम के प्रावधानों से दिनांक 1 नवम्बर 2012 से दिनांक 31 अक्टूबर 2013 तक की अवधि के लिये इस शर्त पर छूट प्रदान करता है कि आवेदित संस्था द्वारा राजीव गांधी बेरोजगार भत्ता तथा पुनर्वास भत्ता जोड़ने तथा हितलाभ किसी भी स्थिति में कर्मचारी राज्य बीमा से कम नहीं होंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. एस. कुमरे, उपसचिव.

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 8 मई 2013

क्र. एफ 9-2-2006-अट्ठावन.—इस विभाग का समसंख्यक पत्र दिनांक 2 दिसम्बर 2011 से राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम के मेमोरेण्डम एण्ड आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के आर्टिकल्स 74(ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, श्री व्ही. एन. काले, संचालक, सेन्ट्रल फार्म मशीनरी ट्रेनिंग एण्ड टेस्टिंग इन्स्टीट्यूट, बुधनी को मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम के संचालक मण्डल में सदस्य मनोनित किया गया था, के स्थान पर श्री सी. आर. लोही, संचालक केन्द्रीय फार्म मशीनरी ट्रैनिंग एण्ड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट, बुधनी को संचालक मण्डल में सदस्य मनोनीत किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
टी. आर. काटवाले, अवर सचिव.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 17 मई 2013

क्र. एफ 1 (ए) 36-91-ब-2-दो.—श्री यू. आर. नेताम, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक, नारकोटिक्स, इन्दौर को दिनांक 20 से 24 मई 2013 तक, कुल पांच दिवस अर्जित अवकाश 18, 19, 25 एवं 26 मई 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री यू. आर. नेताम, भापुसे, की अवकाश अवधि में उनका कार्य श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, इन्दौर द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री यू. आर. नेताम भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अति. पुलिस महानिदेशक, नारकोटिक्स, इन्दौर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री यू. आर. नेताम, भापुसे अति. पुलिस महानिदेशक, नारकोटिक्स, इन्दौर का कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका (2) में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री यू. आर. नेताम, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री यू. आर. नेताम, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1 (ए) 53-2003-ब-2-दो.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 25 अप्रैल 2013 द्वारा श्री आर. के. शिवहरे, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, रीवा को दिनांक 5 से 9 अप्रैल 2013 तक, पांच दिवस अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था.

(2) श्री आर. के. शिवहरे, भापुसे, द्वारा उक्त अवकाश का उपभोग न किये जाने के कारण राज्य शासन द्वारा उक्त आदेश दिनांक 25 अप्रैल 2013 एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

क्र. एफ 1 (ए) 93-2005-ब-2-दो.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 24 अप्रैल 2013 द्वारा श्री डी. पी. सिंह, भापुसे, उप महानिरीक्षक, बालाघाट रेंज बालाघाट को दिनांक 22 से 27 अप्रैल 2013 तक, छः दिवस अर्जित अवकाश दिनांक 19, 20, 21 एवं 28 अप्रैल 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया गया था.

(2) श्री डी. पी. सिंह, भापुसे, द्वारा उपर्युक्तानुसार स्वीकृत अवकाश का उपभोग न करने के कारण राज्य शासन द्वारा उक्त आदेश दिनांक 24 अप्रैल 2013 एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

क्र. एफ 1 (ए) 150-90-ब-2-दो.—श्री संजय व्ही. माने, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, मध्यप्रदेश भोपाल को दिनांक 8 से 17 मई 2013 तक, दस दिवस अर्जित अवकाश, 18 एवं 19 मई 2013 के विज्ञप्त अवकाश लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री संजय व्ही माने, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, मध्यप्रदेश भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री संजय व्ही. माने, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री संजय व्ही. माने, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1 (ए) 94-2001-ब-2-दो.—श्री एल. एल. अहिरवार, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (प्रवर्तन), एम. पी. पॉवर मेनेजमेंट कम्पनी लिमिटेड, जबलपुर को दिनांक 13 मई से 11 जून 2013 तक, तीस दिवस अर्जित अवकाश, दिनांक 11 एवं 12 मई 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत करते हुए, राज्य शासन द्वारा उन्हें खण्ड वर्ष 2010-13 के द्वितीय ब्लाक वर्ष 2012-13 में गृह नगर यात्रा के बदले में उत्तर पूर्वी राज्यों की यात्रा की पात्रता के तहत परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ ''गंगटोक (सिक्किम)'' की अवकाश यात्रा पर जाने की अनुमति प्रदान की जाती है:—

1. श्री एल. एल. अहिरवार — स्वयं
2. श्रीमती शोभा अहिरवार — पत्नी

(2) उक्त यात्रा हेतु श्री एल. एल. अहिरवार, भापुसे को 10 दिवस के अवकाश नगदीकरण/समर्पण की पात्रता होगी एवं नगदीकृत दिवस इनके अर्जित अवकाश खाते से घटाये जायेंगे.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री एल. एल. अहिरवार, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक (प्रवर्तन), एम. पी. पॉवर मेनेजमेंट कम्पनी लिमिटेड, जबलपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) अवकाशकाल में श्री एल. एल. अहिरवार, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

क्र. एफ 1 (ए) 169-1997-ब-2-दो.—श्री योगेश चौधरी, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, निमाड़ रेंज, खरगौन को दिनांक 10 से 18 जून 2013 तक, नौं दिवस अर्जित अवकाश 8 एवं 9 जून 2013 के विज्ञप्त अवकाश लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री योगेश चौधरी, भापुसे, के अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री आर. पी. सिंह, भापुसे, पुलिस अधीक्षक, खरगौन द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री योगेश चौधरी, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उप पुलिस महानिरीक्षक, निमाड़ रेंज, खरगौन के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री योगेश चौधरी, भापुसे द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका (2) में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री योगेश चौधरी, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री योगेश चौधरी, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1 (ए) 254-1988-ब-2-दो.—श्री संजय राणा, भापुसे, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल को दिनांक 23 से 29 मई 2013 तक कुल सात दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री संजय राणा, भापुसे, के अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री पी. डी. खेरा, मुख्य परियोजना यंत्री, पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री संजय राणा, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री संजय राणा, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका (2) में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री संजय राणा, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री संजय राणा, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1 (ए) 190-91-ब-2-दो.—श्री एस. एम. अफजल, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन, ग्वालियर को दिनांक 20 से 24 मई 2013 तक, कुल पांच दिवस का अर्जित अवकाश 18, 19, 25 एवं 26 मई 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृति प्रदान की जाती है.

(2) श्री एस. एम. अफजल, भापुसे, के अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री डी. के. आर्य, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, चंबल रेंज, मुरैना द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री एस. एम. अफजल, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, चम्बल जोन, ग्वालियर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री एस. एम. अफजल, भापुसे, द्वारा पुलिस महानिरीक्षक, चम्बल जोन, ग्वालियर का कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका (2) में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री एस. एम. अफजल, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एस. एम. अफजल, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1 (ए) 266-1986-ब-2-दो.—श्री के. सी. वर्मा, भापुसे, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 20 से 24 मई 2013 तक, पांच दिवस का अर्जित अवकाश 18 एवं 19 मई 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री के. सी. वर्मा, भापुसे, के अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री जी. पी. उइके, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (समन्वय), अपराध अनुसंधान विभाग, पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री के. सी. वर्मा, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री के. सी. वर्मा, भापुसे, द्वारा अपने पद पर कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका (2) में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री के. सी. वर्मा, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. सी. वर्मा, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1 (ए) 398-88-ब-2-दो.—डॉ. विजय कुमार, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक, आपदा प्रबंधन होमगार्ड, मध्यप्रदेश भोपाल को दिनांक 27 मई से 1 जून 2013 तक, कुल छः दिवस अर्जित अवकाश, दिनांक 25, 26 मई 2013 एवं 2 जून 2013 के विज्ञप्त अवकाश लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर डॉ. विजय कुमार, भापुसे, को अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अति. पुलिस महानिदेशक, आपदा प्रबंधन होमगार्ड, मध्यप्रदेश भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में डॉ. विजय कुमार, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि डॉ. विजय कुमार, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 22 मई 2013

क्र. एफ 1 (ए) 115-2005-ब-2-दो.—डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, ग्वालियर को दिनांक 27 मई से 14 जून 2013 तक, उन्नीस दिवस अर्जित अवकाश 25, 26 मई एवं 15, 26 जून 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, भापुसे, के अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री अनिल शर्मा, भापुसे, सेनानी, 2री वाहिनी, विसबल, ग्वालियर द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उप पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, ग्वालियर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, भापुसे, द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका (2) में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

इन्द्रनील शंकर दाणी, अपर मुख्य सचिव.

महिला एवं बाल विकास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 23 मई 2013

क्र. एफ-6-10-2012-पचास-2.—राज्य शासन द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 की धारा 62 एवं किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) नियम, 2003 के नियम 88 के प्रावधानान्तर्गत राज्य स्तरीय सलाहकार बोर्ड का निम्नानुसार गठन किया जाता है :—

1.	मंत्री, महिला एवं बाल विकास विभाग	—	अध्यक्ष
2.	प्रमुख सचिव/सचिव, महिला एवं बाल विकास	—	सदस्य
3.	प्रमुख सचिव/सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग	—	सदस्य
4.	प्रमुख सचिव/सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग.	—	सदस्य
5.	प्रमुख सचिव/सचिव, गृह विभाग	—	सदस्य
6.	प्रमुख सचिव/सचिव, विधि एवं विधायी कार्य विभाग	—	सदस्य
7.	प्रमुख सचिव/सचिव, श्रम तथा नियोजन विभाग	—	सदस्य
8.	प्रमुख सचिव/सचिव, तकनीकी शिक्षा	—	सदस्य
9.	प्रमुख सचिव/सचिव, उद्योग विभाग	—	सदस्य
10.	प्रमुख सचिव/सचिव, वित्त विभाग	—	सदस्य
11.	पुलिस महानिदेशक	—	सदस्य
12.	श्री लोलीचेन पी. जे. यूनिसेफ प्रतिनिधि	—	सदस्य
13.	श्रीमती मीना पिंपलापुरे, सागर (उद्योगपति)	—	सदस्य
14.	पं. छोटू शास्त्री, इन्दौर (पत्रकार)	—	सदस्य
15.	सुश्री पुष्पा सिन्हा, इन्दौर (सामाजिक कार्यकर्ता)	—	सदस्य
16.	श्री सचिन जैन, जबलपुर (सामाजिक कार्यकर्ता)	—	सदस्य
17.	आयुक्त/संचालक, महिला सशक्तिकरण संचालनालय	—	सदस्य-सचिव.

No. F. 6-10-2012-L-2.—In exercise of the powers cnferred by the Section 62 of the Juvenile Justice (Care & Protection of Children) Act, 2000 and Rule 88 of the Juvenile Justice (Care & Protectgion of Children) Rule 2003, the State Government hereby constitutes the State Level Advisory Board as Under :—

1.	Minister, Women and Child Development Department	—	Chairperson
2.	Principal Secretary/Secretary, Women and Child Development Department	—	Member
3.	Principal Secretary/Secretary, School Education Department	—	Member
4.	Principal Secretary/Secretary, Public Health & Family Welfare Department	—	Member
5.	Principal Secretary/Secretary, Home Department	—	Member
6.	Principal Secretary/Secretary, Law and Legislative Affairs Department	—	Member
7.	Principal Secretary/Secretary, Labour and Employment Department	—	Member
8.	Principal Secretary/Secretary, Technical Education	—	Member
9.	Principal Secretary/Secretary, Industries Department	—	Member
10.	Principal Secretary/Secretary, Finance Department	—	Member
11.	Director General of Police	—	Member
12.	Mr. Lolichen P.J. Unicef Representative	—	Member
13.	Smt. Meena Pimplapure, Sagar (Industrialist)	—	Member
14.	Pandit Chhotu Shastri, Indore (Journalist)	—	Member
15.	Ms. Pushpa Sinha, Indore (Social Worker)	—	Member
16.	Shri Sachin Jain, Jabalpur (Social Worker)	—	Member
17.	Commissioner/Director, Women Empowermennt, Directorate	—	Member-Secretary

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

खेमराज माहौर, अवर सचिव.

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 14 मई 2013

क्र. एफ 7-8-2012-छप्पन.—मध्यप्रदेश सूचना प्रौद्योगिकी निवेश नीति 2012 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुरूप राज्य शासन, एतद्द्वारा, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के स्वामित्व के निम्नलिखित क्षेत्रों को सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र अधिसूचित किया जाता है :—

क्र.	सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र	स्थान (ग्राम का नाम)	खसरा नं. =रकबा (हेक्टर में)	तहसील	जिला	भूमि (हेक्टर /एकड़ में)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र, बडवई	बडवई	2=40.03, 3/1=8.25, 348=14.36 372/1/2/2, 373/1/2/2=21.80, 373/1/1/1=135.19 (रकबा एकड़ में)	हूजूर	भोपाल	कुल 212.00 एकड़
2	सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र, मालनपुर	मालनपुर	406/1=1.446, 406/2=1.118, 407/1=2.811, 407/2=2.027, 408=1.588, 412=2.571, 412=0.439, 309=0.240, 766/1= 3.093, 755=0.941, 768/1=0.512, 768/3=3.617, (रकबा हेक्टर में)	ग्वालियर	ग्वालियर	कुल 20.403 हेक्टर
3	सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र, मानपुर गिर्द	मानपुर गिर्द	391=1.247 (रकबा हेक्टर में)	ग्वालियर	ग्वालियर	कुल 1.247 हेक्टर
4	सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र, स्वेज फार्म	सीवेज फार्म	219, 220, 221=1.353, 227=1.265, 230=0.449, 231=0.073, 232=0.021, 233=0.063, 234=0.063, 235=2.362 236=0.241, 237, 238, 239, 240, 241=3.031, 242=0.679, 243=0.115, 244=0.763, 245=0.199, 246, 249, 250, 251, 252, 254, 255=4.568, 253=0.021, 256=0.073, 282, 284, 285=5.393, 283=0.224, 286=2.728, 287=0.261, 290=1.996, 291=1.609, 292=0.219, 293=0.983, 294=4.129, 295=1.097, 296=0.209, 297=0.826, 298=0.449, 299=0.084, 300=0.084, 301=0.187, 302=0.063,	ग्वालियर	ग्वालियर	कुल 40.00 हेक्टर

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
			303=0.115, 304=0.187, 305=0.178, 306=0.209. 307=0.094, 308=0.273, 309=0.428, 310=0.156, 311=0.167, 314=1.074, 315=0.972, 316=0.502, 317=0.639 (रकबा हेक्टर में)			
5	सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र, पुरवा.	पुरवा	865/5 की 36.437 में से 25 हेक्टर भूमि.	गोरखपुर	जबलपुर	कुल 25 हेक्टर
6	सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र, गधेरी.	गधेरी	65=1.35, 67=0.06, 68=0.06, 69=0.06, 72=1.19, 89=1.44, 90=0.33, 91=1.70, 92=0.76, 2/1=1.00 (रकबा हेक्टर में)	पनागर	जबलपुर	कुल 7.95 हेक्टर
8	सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र, सिहांसा.	सिन्हासा	254/1=43.280, 254/2/1=2.225, (रकबा हेक्टर में)	इन्दौर	इन्दौर	कुल 45.50 हेक्टर
9	सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र, कनाडिया.	कनाडिया	885/1/1=8.498, 885/3=3.642, (रकबा हेक्टर में)	इन्दौर	इन्दौर	कुल 12.14 हेक्टर
10	सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र, बडियाकीमा.	बडियाकीमा	291=10.461 (रकबा हेक्टर में)	इन्दौर	इन्दौर	कुल 10.461 हेक्टर

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ओमप्रकाश श्रीवास्तव, उपसचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

आर. सी. वी. पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी मध्यप्रदेश, भोपाल

(विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ)

संशोधित अधिसूचना

भोपाल, दिनांक 21 मई 2013

क्र. 3503-483-अका-विपप्र-2013.—राज्य शासन द्वारा विभागीय परीक्षा माह जनवरी 2013 को प्रश्न पत्र-पंजीयन विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों रहित-पुस्तकों सहित), सम्पन्न हुआ था, की अधिसूचना क्रमांक 1588-3003/483/अका/विपप्र/2013, दिनांक 7-3-2013 को जारी की गई थी, में इन्दौर संभाग से सम्मिलित परीक्षार्थी श्री सुरेन्द्र सिंह, उप पंजीयक (सश्रेय) अंकित है, के स्थान पर अब श्री सुरेन्द्र कुमार, उप पंजीयक (सश्रेय) पढ़ा जाए.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
गोपा पाण्डेय, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला देवास, मध्यप्रदेश

देवास, दिनांक 29 अप्रैल 2013

क्र. 1220-मण्डी निर्वाचन-13.—मण्डी समिति के सम्मेलनों में भाग लेने के लिये मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11 के अन्तर्गत मण्डी समिति, खातेगाँव के लिये माननीय श्रीमति सुषमा स्वराज, सदस्य लोकसभा, विदिशा मध्यप्रदेश की ओर से श्री कैलाश टाडा पिता श्री रामअवतार टाडा, निवासी जियागाँव, तहसील खातेगाँव, जिला देवास को प्रतिनिधि नामांकित किया जाता है.

महेश अग्रवाल, कलेक्टर.

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मुरैना, मध्यप्रदेश

मुरैना, दिनांक 9 मई 2013

क्र. 2013-निर्वा.-1959.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 79 की उपधारा 11 (1) (ड) खण्ड छ, खण्ड ज्ञ के अन्तर्गत निम्नलिखित व्यक्तियों के नाम निम्नानुसार कृषि उपज मण्डी प्रतिनिधि हेतु के रूप में नामांकित किये जाते हैं :—

क्र.	मण्डी समिति का नाम	किसके द्वारा नाम प्रस्तावित किया गया	सदस्य का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
1	पोरसा	माननीय विधायक, अम्बाह अध्यक्ष, जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण बैंक, मुरैना.	श्री मुकेश गर्ग पुत्र स्व. राजाराम गर्ग श्री गजेन्द्र सिंह परमार अध्यक्ष जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण बैंक, मुरैना.
2	सबलगढ़	अध्यक्ष मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष, जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण बैंक, मुरैना.	श्री शिवदयाल संडिल श्री रघुनाथ सिंह जादौन, कीरतपुर
3	अम्बाह	अध्यक्ष, जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण बैंक, मुरैना	श्री राधेश्याम शर्मा
4	बानमोर	अध्यक्ष, जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण बैंक, मुरैना	श्री पहलवान सिंह गुर्जर पढ़ावली
5	कैलारस	अध्यक्ष, जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण बैंक, मुरैना	श्री सूवेदार सिंह सिकरवार रजौदा
6	मुरैना	अध्यक्ष, जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण बैंक, मुरैना अध्यक्ष, सहकारी विपणन समिति मर्यादित, मुरैना मा. अध्यक्ष जिला पंचायत, मुरैना	अध्यक्ष, जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण बैंक, मुरैना. श्री संजय मिश्रा, संचालक मुरैना सहकारी विपणन समिति मर्यादित, मुरैना. श्री सत्यपाल सिंह सिकरवार अध्यक्ष जिला पंचायत, मुरैना.
7	जौरा	अध्यक्ष, जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण बैंक, मुरैना अध्यक्ष, सहकारी विपणन समिति मर्यादित, मुरैना	अध्यक्ष, जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण बैंक, मुरैना. श्री संजय मिश्रा, संचालक मुरैना सहकारी विपणन समिति मर्यादित, मुरैना

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

ए. बी. सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी.

कार्यालय, कलेक्टर/जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन), बालाघाट, मध्यप्रदेश

बालाघाट, दिनांक 14 मई 2013

क्र. 144-मण्डी निर्वा.-2013.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11 (5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, बी. चंद्रशेखर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी), कृषि उपज मण्डी समिति, **बालाघाट** के लिये एतद्द्वारा निम्नानुसार प्रतिनिधि नामनिर्दिष्ट करता हूं :—

क्र.	मण्डी समिति का नाम	नामनिर्दिष्ट प्रतिनिधि का नाम व पता	प्रतिनिधि	मण्डी अधिनियम की धारा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	बालाघाट	श्री देबीचरण पारधी आत्मज स्व. श्री नान्होलाल पारधी ग्राम पोस्ट खरा, तह. किरनापुर जिला बालाघाट.	सांसद	नियम 2010 का नियम 3
2	-''-	श्री मूलचंद साव सोनेकार आ. रामलाल सोनेकर मु. पो. हट्टा.	विधायक परसवाड़ा	नियम 2010 का नियम 4
3	-''-	श्री रेखलाल नगपुरे वल्द रतनलाल नगपुरे धापेवाड़ा, तह. व जिला बालाघाट.	सहकारी विपणन सोसायटी	11(1) (ङ)
4	-''-	श्री राजीव पटले	जिला भूमि विकास बैंक	11(1) (झ)

क्र. 145-मण्डी निर्वा.-2013.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11 (5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, बी. चंद्रशेखर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी), कृषि उपज मण्डी समिति, **वारासिवनी** के लिये एतद्द्वारा निम्नानुसार प्रतिनिधि नामनिर्दिष्ट करता हूं :—

क्र.	मण्डी समिति का नाम	नामनिर्दिष्ट प्रतिनिधि का नाम व पता	प्रतिनिधि	मण्डी अधिनियम की धारा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	वारासिवनी	श्री भागचंद संचेती, आ. श्री लूनकरण संचेती वार्ड नं. 15, वारासिवनी	सांसद	नियम 2010 का नियम 3
2	-''-	श्री मो. नफीस खान आ. श्री मो. रफीक खान निवासी वार्ड नं. 13, वारासिवनी.	सहकारी विपणन सोसायटी	11(1) (ङ)
3	-''-	श्री राजीव पटले	जिला भूमि विकास बैंक	11(1) (झ)

क्र. 146-मण्डी निर्वा.-2013.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11 (5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, बी. चंद्रशेखर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी), कृषि उपज मण्डी समिति, **कटंगी** के लिये एतद्द्वारा निम्नानुसार प्रतिनिधि नामनिर्दिष्ट करता हूं :—

क्र.	मण्डी समिति का नाम	नामनिर्दिष्ट प्रतिनिधि का नाम व पता	प्रतिनिधि	मण्डी अधिनियम की धारा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	कटंगी	श्री गुरूगोविंद ठाकरे आ. श्री खिलेन्द्र ठाकरे, ग्राम पोस्ट सिरपुर, तह. कटंगी.	सांसद	नियम 2010 का नियम 3
2	-''-	श्री राजीव पटले	जिला भूमि विकास बैंक	11(1)(झ)

क्र. 147-मण्डी निर्वा.-2013.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11 (5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, बी. चंद्रशेखर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी), कृषि उपज मण्डी समिति, **खैरलांजी** के लिये एतद्द्वारा निम्नानुसार प्रतिनिधि नामनिर्दिष्ट करता हूं :—

क्र.	मण्डी समिति का नाम	नामनिर्दिष्ट प्रतिनिधि का नाम व पता	प्रतिनिधि	मण्डी अधिनियम की धारा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	खैरलांजी	श्री राजेन्द्र प्रसाद देषमुख आ. स्व. श्री मोतीलाल देषमुख, ग्राम पो. मिरगपुर, तह. खैरलांजी.	सांसद	नियम 2010 का नियम 3
2	-''-	श्री गनपत चौधरी	जिला भूमि विकास बैंक	11(1)(झ)

क्र. 148-मण्डी निर्वा.-2013.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11 (5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, बी. चंद्रशेखर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी), कृषि उपज मण्डी समिति, **लालबर्रा** के लिये एतद्द्वारा निम्नानुसार प्रतिनिधि नामनिर्दिष्ट करता हूं :—

क्र.	मण्डी समिति का नाम	नामनिर्दिष्ट प्रतिनिधि का नाम व पता	प्रतिनिधि	मण्डी अधिनियम की धारा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	लालबर्रा	श्री विनोद डहरवाल आ. श्री सरवनलाल डहरवाल, ग्राम धरपीवाड़ा, पो. निलजी, तह. लालबर्रा.	सांसद	नियम 2010 का नियम 3
2	-''-	श्री अमृतलाल टेंभरे	जिला भूमि विकास बैंक	11(1)(झ)

क्र. 149-मण्डी निर्वा.-2013.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11 (5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, बी. चंद्रशेखर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी), कृषि उपज मण्डी समिति, **मोहगांव** के लिये एतद्द्वारा निम्नानुसार प्रतिनिधि नामनिर्दिष्ट करता हूं :—

क्र.	मण्डी समिति का नाम	नामनिर्दिष्ट प्रतिनिधि का नाम व पता	प्रतिनिधि	मण्डी अधिनियम की धारा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	मोहगांव	श्री रामप्रसाद सोनी, आ. श्री भुल्लुलाल सोनी ग्राम पोस्ट मानेगांव, तह. बिरसा.	सांसद	नियम 2010 का नियम 3
2	-''-	श्री कमल ताराम आ. श्री गोबरसिंह	विधायक	नियम 2010 का नियम 4
3	—''—	श्री तारेन्द्र कुमार तुरकर	जिला भूमि विकास बैंक	11(1)(झ)

क्र. 150-मण्डी निर्वा.-2013.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11 (5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, बी. चंद्रशेखर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी), कृषि उपज मण्डी समिति, **परसवाड़ा** के लिये एतद्द्वारा निम्नानुसार प्रतिनिधि नामनिर्दिष्ट करता हूं :—

क्र.	मण्डी समिति का नाम	नामनिर्दिष्ट प्रतिनिधि का नाम व पता	प्रतिनिधि	मण्डी अधिनियम की धारा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	परसवाड़ा	श्री जे. एस. पारधी	जिला भूमि विकास बैंक	11(1)(झ)

बी. चंद्रशेखर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी).

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी निर्वाचन), जिला इन्दौर (म. प्र.)

प्रशासनिक संकुल, कक्ष क्रमांक 211, द्वितीय तल, मोती तबेला, इन्दौर

इन्दौर, दिनांक 15 मई 2013

क्र. 1186-स्था. निर्वा.-मण्डी-2013.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 के अनुसार मण्डी समिति के गठन के संदर्भ में धारा 11(1) की उपधारा 'ङ' 'च', 'ज', 'झ', 'ञ' सहकारी विपणन सोसायटी, कृषि विभाग, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक, जिला भूमि विकास बैंक तथा जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधियों को निम्नतालिका में उनके समक्ष दर्शित मण्डी समिति के सदस्य नाम-निर्दिष्ट किया जाता है, नाम-निर्दिष्ट किये गये इन सदस्यों को मण्डी समिति के सम्मेलनों में सम्मिलित होने के लिये यथा-समय आहूत किया जावे :—

क्र.	प्रतिनिधि मनोनीतकर्ता	प्रतिनिधि का नाम	मण्डी का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
1	सांवेर सहकारी विपणन सहकारी संस्था मर्या., सांवेर.	श्री नगजीराम पिता घासीरामजी, ग्राम सुराखेड़ी, पोस्ट-गुरान, तह.-सांवेर, जिला-इन्दौर.	सांवेर
2	आदर्श सहकारी विपणन समिति मर्या., देपालपुर.	श्री इन्दरसिंह भेरूसिंह राठौर, ग्राम पालड़ी, तह.-देपालपुर, जिला इन्दौर.	गौतमपुरा
3	कृषि विभाग, इन्दौर	श्री एस. के. कुलश्रेष्ठ, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखण्ड-इन्दौर.	इन्दौर
4	कृषि विभाग, इन्दौर	श्री राजेश धारे, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखण्ड-महूँ.	अम्बेडकर नगर (महूँ)
5	कृषि विभाग, इन्दौर	श्री मोहम्मद रफीक खान, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखण्ड-सांवेर.	सांवेर
6	कृषि विभाग, इन्दौर	श्री राजेन्द्रसिंह तोमर, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखण्ड-देपालपुर.	गौतमपुरा
7	जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या., इन्दौर.	श्री कैलाश पाटीदार, अध्यक्ष, ग्राम व पोस्ट-तिल्लौर खुर्द, तह. व जिला-इन्दौर.	इन्दौर
8	जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या., इन्दौर.	श्री अशोक सामानी, संचालक, ग्राम-भगोरा, तह. व जिला-इन्दौर.	अम्बेडकर नगर (महूँ)
9	जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या., इन्दौर.	श्री उमानारायणसिंह पटेल, संचालक, ग्राम-पाडल्या, पोस्ट-छड़ोदा (गौतमपुरा) तह.-देपालपुर, जिला इन्दौर.	गौतमपुरा
10	जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या., इन्दौर.	श्री विष्णुप्रसाद शुक्ला, संचालक, दुर्गा निवास, बाणगंगा मेन रोड, इन्दौर.	सांवेर
11	जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., इन्दौर (भूमि विकास बैंक).	श्री कंचनसिंह चौहान, अध्यक्ष	इन्दौर

(1)	(2)	(3)	(4)
12	जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., इन्दौर (भूमि विकास बैंक).	श्री कंचनसिंह चौहान, अध्यक्ष	अम्बेडकर नगर (महूँ)
13	जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., इन्दौर (भूमि विकास बैंक).	श्री सुरेशसिंह पंवार, संचालक	सांवेर
14	जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., इन्दौर (भूमि विकास बैंक).	श्री रामस्वरूप पटेल, संचालक	गौतमपुरा
15	अध्यक्ष, जिला पंचायत, इन्दौर	श्री रामकरण भाभर, सदस्य, जिला पंचायत, इन्दौर	अम्बेडकर नगर (महूँ)
16	अध्यक्ष, जिला पंचायत, इन्दौर	श्री भगवान परमार, सदस्य, जिला पंचायत, इन्दौर	सांवेर
17	अध्यक्ष जिला पंचायत, इन्दौर	श्री ओमप्रकाश परसावदिया, अध्यक्ष, जिला पंचायत, इन्दौर	इन्दौर
18	अध्यक्ष जिला पंचायत, इन्दौर	श्री मोहनसिंह कछावा, सदस्य, जिला पंचायत, इन्दौर	गौतमपुरा

आकाश त्रिपाठी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी).

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी), जिला विदिशा, मध्यप्रदेश

विदिशा, दिनांक 18 मई 2013

क्र. क्यू-ए.पी.डी-2013-7919.—एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11(5) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए, मैं, आनन्द कुमार शर्मा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी), जिला विदिशा, कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी, विदिशा, कुरवाई में निम्नांकित व्यक्तियों को सदस्य के रूप में निर्दिष्ट करता हूं :—

क्र. (1)	नामनिर्दिष्ट व्यक्ति का नाम एवं पता (2)	संस्था/व्यक्ति का नाम जिसकी ओर से प्रतिनिधि नामनिर्दिष्ट किया गया है. (3)	मण्डी अधिनियम की धारा (4)
1	श्री राजाराम यादव पुत्र श्री बादल सिंह यादव, नि. ग्राम छोटी, राधोगढ़, तह. लटेरी.	मा. श्री लक्ष्मीकांत जी शर्मा, विधायक, विधान सभा क्षेत्र, सिरोंज/लटेरी.	1972 की धारा 11(5)
2	श्री चंदन सिंह यादव, पूर्व मण्डी अध्यक्ष, मण्डी गेट के पास, विदिशा.	मा. श्री राघवजी, विधायक, विधान सभा क्षेत्र, विदिशा.	1972 की धारा 11(5)
3	श्री हरिसिंह चौहान/श्री पहलवान सिंह चौहान, अध्यक्ष, विपणन सहकारी संस्था मर्यादित, कुरवाई.	प्रबंधक, विपणन सहकारी संस्था मर्यादित, कुरवाई.	1972 की धारा 11(5)

आनन्द कुमार शर्मा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी).

कार्यालय, कलेक्टर, जिला इन्दौर, मध्यप्रदेश

इन्दौर, दिनांक 28 मई 2013

क्र. 60-री.ए.डी.एम.-2013.—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2, सन् 1974) की धारा 2 के खण्ड (घ) प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट स्थानीय क्षेत्रों को प्रस्तावित करने वाली पूर्व की अधिसूचना में आंशिक अपांतरण करते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, "मध्यप्रदेश राजपत्र" में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से :—

1. उस थाने से जो कि नीचे दी गई सारणी के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट किये गये हैं अपवर्जित करती, और

2. पुलिस थाना आजादनगर जो कि जिला इन्दौर की तहसील इन्दौर में हैं पुलिस थाना घोषित करती हैं और यह निर्देश देती है कि इसमें उक्त सारणी के कॉलम नं. (3) विनिर्दिष्ट किये गये हैं, स्थानीय क्षेत्र सम्मिलित होंगे:—

सारणी

स. क्र.	उस पुलिस थाने का नाम तहसील जिला सहित जिसमें से अपवर्जित किया गया	स्थानीय क्षेत्रों के नाम
(1)	(2)	(3)
1.	थाना संयोगितागंज तहसील इन्दौर, जिला इन्दौर.	1. आजाद नगर
	—''—	2. मदीना नगर
	—''—	3. कोहिनूर कालोनी
	—''—	4. फिरदोस नगर
	—''—	5. प्रेमनगर
	—''—	6. रविनगर
	—''—	7. आई.डी.ए. बिल्डिंग कंपा.
	—''—	8. गुलाबबाग
	—''—	9. खारोल मोहल्ला
	—''—	10. खाती मोहल्ला
	—''—	11. अलकापुरी
	—''—	12. अजयबाग कालोनी
	—''—	13. जगदीशपुरी
	—''—	14. यादव नगर
	—''—	15. मसानिया रोड
	—''—	16. नूरीनगर
	—''—	17. नेतराम का बगीचा
	—''—	18. भोला पहलवान का बगीचा
	—''—	19. मीना पैलेस
	—''—	20. काली पुलिया
	—''—	21. नर्मदा प्रोजेक्ट
	—''—	22. सीताराम पब्लिक स्कूल
	—''—	23. पंचशील कालोनी
	—''—	24. साटमपार्क कालोनी
	—''—	25. पीटीएस. एरिया
	—''—	26. मयूर नगर
	—''—	27. इदरीशनगर
	—''—	28. शांतिनगर
	—''—	29. न्यू इंदिरा एकता नगर
	—''—	30. राम नगर
	—''—	31. विराट नगर
	—''—	32. शाईननगर
	—''—	33. इंदिरा एकता नगर
	—''—	34. चिराड़ मोहल्ला
	—''—	35. पवनपुत्र नगर
	—''—	36. कमल नगर
	—''—	37. हीरापन्ना नगर
	—''—	38. पिंकसिटी
	—''—	39. शिवनगर
	—''—	40. चौधरी पार्क कालोनी
	—''—	41. शिवदर्शन नगर
	—''—	42. शिव पार्वती नगर
	—''—	43. एकता नगर
	—''—	44. भील कालोनी

No. 60-री.ए.डी.एम.-2013.—In exercise of the powers conferred by clause (s) of Section 2 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (No. 2 of 1974) and in partial modification of the previous notification affecting the local areas specified in the Table below, The State Government, hereby, with effect from the date of publication of this notification in the "Madhya Pradesh, Gazette":—

(i) Exclude from the Police Station mentioned in column (2) of the Table below, the local areas specified in the column (3) thereof, and

(ii) Declares Aajad Nagar to be Police Station in Tehsil of Indore, District Indore and further

directs that it shall include the local areas specified in column (3) of the said Table:—

TABLE

S.No.	Name of Police Station (with Tahsil and Distt.) from which excluded	LOCAL AREAS Name of Village
(1)	(2)	(3)
1.	Sanyogitaganj Tehsil Indore, Distt. Indore.	1. Aajad Nagar
	—do—	2. Madina Nagar
	—do—	3. Kohinoor Colony
	—do—	4. Firdos Nagar
	—do—	5. Prem Nagar
	—do—	6. Ravi Nagar
	—do—	7. I.D.A. Building Compound
	—do—	8. Gulabbaag
	—do—	9. Kharol Mohalla
	—do—	10. Khati Mohalla
	—do—	11. Alkapuri
	—do—	12. Ajaybaag Colony
	—do—	13. Jagdishpuri
	—do—	14. Yadav Nagar
	—do—	15. Masaniya Road
	—do—	16. Noori Nagar
	—do—	17. Netram Ka Bagicha
	—do—	18. Bhola Pahalwan ka Bagicha
	—do—	19. Meena Palace
	—do—	20. Kali Pulia
	—do—	21. Narmada Project
	—do—	22. Sitaram Public School
	—do—	23. Panchsheel Colony
	—do—	24. Satam Park Colony
	—do—	25. P. T. S. Area
	—do—	26. Mayur Nagar
	—do—	27. Idrish Nagar
	—do—	28. Shanti Nagar
	—do—	29. New Indira Ekta Nagar
	—do—	30. Ram Nagar
	—do—	31. Virat Nagar
	—do—	32. Shayin Nagar
	—do—	33. Indira Ekta Nagar
	—do—	34. Chirad Mohalla
	—do—	35. Pawanputra Nagar
	—do—	36. Kamal Nagar
	—do—	37. Heera Panna Nagar
	—do—	38. Pink City
	—do—	39. Shiv Nagar
	—do—	40. Choudhary Park Colony
	—do—	41. Shivdarshan Nagar
	—do—	42. Shiv Parwati Nagar
	—do—	43. Ekta Nagar
	—do—	44. Bheel Colony

क्र. 60-री.ए.डी.एम.-2013.—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2, सन् 1974) की धारा 2 के खण्ड (घ) प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट स्थानीय क्षेत्रों को प्रस्तावित करने वाली पूर्व की अधिसूचना में आंशिक अपांतरण करते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, ''मध्यप्रदेश राजपत्र'' में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से :—

1. उस थाने से जो कि नीचे दी गई सारणी के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट किये गये हैं अपवर्जित करती, और

2. पुलिस थाना तेजाजीनगर जो कि जिला इन्दौर की तहसील इन्दौर में हैं पुलिस थाना घोषित करती हैं और यह निर्देश देती है कि इसमें उक्त सारणी के कॉलम नं. (3) विनिर्दिष्ट किये गये हैं, स्थानीय क्षेत्र सम्मिलित होंगे:—

सारणी

स. क्र.	उस पुलिस थाने का नाम तहसील जिला सहित जिसमें से अपवर्जित किया गया	स्थानीय क्षेत्रों के नाम
(1)	(2)	(3)
1.	थाना भँवरकुंआ तहसील इन्दौर, जिला इन्दौर.	1. सफेरा कालोनी
	—''—	2. उमरीखेडा
	—''—	3. नेहरूवन ग्राम
	—''—	4. मोरोद ग्राम
	—''—	5. माचला
	—''—	6. अनुराधा नगर
	—''—	7. तेजाजी नगर
	—''—	8. कैलोद करताल
	—''—	9. पतनखेडी
	—''—	10. मछली फार्म
	—''—	11. लिंबोदी
	—''—	12. कस्तुरबा ग्राम
	—''—	13. छोटा पावर हाऊस
	—''—	14. रालामण्डल
	—''—	15. मिर्जापुर
	—''—	16. असरावद खुर्द
	—''—	17. गवाला कालोनी
	—''—	18. बडा पावर हाऊस
	—''—	19. पत्थर मुण्डला

